# वार्षिक प्रतिवेदन

**Program List April 2023 to March 2024**

| Sr. No. | Date | Purpose | Program | Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 14.5.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | वार्षिकोत्सव मंथन स्पेशल स्कूल | मंथन फॉउण्डेशन का वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मातृ दिवस की थीम पर मंथन स्पेशल स्कूल में अध्ययनरत दिव्यांगों की माताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान बस्तीराम यादव, बलवान यादव, वंदना यादव, शानू यादव सहित विभिन्न समाजिक संगठनों एवं गणमान्य ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। |
| 2 | 5.6.23 | पर्यावरण | विश्व पर्यावरण दिवस | विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों एवं स्टाफ को पौधे वितरित किये गये एवं उनकी नियमित देखभाल के लिये प्रेरित किया गया। साथ ही तेज गर्मी के चलते पक्षियों के लिये परिंडे एवं दाने की व्यवस्था के लिये भी प्रेरित किया गया। एवं परिंडे बांधे गये। |
| 3 | 19.6.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | फादर्स डे | दिव्यांगता पर जीत हासिल करने वाले बच्चों का सम्मान हुआ मंथन संस्थापक डॉ0 पीयूष गोस्वामी का जन्मदिन मनाया गया। |
| 4 | 26.6.23 | रक्दान | रक्तदान जागरूकता | मंथन कार्यालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विधायक बलजीत यादव द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विधायक बलजीत यादव ने मंथन द्वारा संचालित स्पेशल स्कूल व रिहैबिलिटेशन सैंटर की विजिट की एवं कार्य की सराहना की। कैम्प में कुल 72 यूनिट रक्त कलेक्ट किया गया। |
| 5 | 5.7.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | गुरू पूर्णिमा एवं प्रवेशोत्सव | मंथन स्पेशल स्कूल में प्रवोश्त्सव मनाया गया। नये बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही गुरूपूर्णिमा का पर्व भी मनाया गया। |
| 6 | 25.7.23 | संभलता बचपन | शिक्षण सामग्री वितरण | संभलता बचपन अभियान के अंतर्गत गोद लिये गये बच्चों को शिक्षण सामग्री जूते बैग, स्टेशनरी आदि का वितरण किया गया। |
| 7 | 10.8.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | गणवेश वितरण | मंथन स्पेशल स्कूल के बच्चों को भामाशाह रामसिंह गुर्जर की सहायता से गणवेश वितरित किये गये। सचिव डॉ0 सविता गोस्वामी ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन। 21000/– का चैक दिया। |
| 8 | 12.8.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | दिव्यांग रैली | आजादी के अमृत महोत्सव पर दिव्यांगों ने निकाली रैली। |
| 9 | 12.8.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | शिष्टाचार भेंट | जिला कोटपूतली–बहरोड़ की पुलिस अधीक्षक रंजिता शर्मा से भेट की साथ ही उन्हें मंथन फॉउण्डेशन द्वारा संचालित दिव्यांग सशक्तिकरण की गतिविधियों से अवगत कराया। |
| 10 | 15.8.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | स्वतंत्रता दिवस समारोह | मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। दिव्यांग बच्चों द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिये दिव्यांग बच्चों को माननीय एस.डी.एम. सचिन यादव द्वारा सम्मानित किया गया। |
| 11 | 15.8.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | सम्मान | मानीय एस.डी.एम सचिन यादव एवं विधायक बलजीत यादव द्वारा दिव्यांग सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये सम्मानित किया गया। |
| 12 | 17.8.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | स्वीप कार्यक्रम | स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत 'माई वॉईस टू' कार्यक्रम का अयोजन हुआ। मंथन फॉउण्डेशन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा दिव्यांग मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। |
| 13 | 18.8.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | हरियाली तीज उत्सव | मंथन स्पेशल में हरियाली तीजोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चों एवं उनकी माताओं द्वारा हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14 | 20.8.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | सम्मान | राजस्थान जन मेंच ट्रस्ट एवं पक्षी चिकित्सालय द्वारा जयपुर राजस्थान चैम्बर भवन में आयोजित सम्मान समारोह में मंथन फॉउण्डेशन को दिव्यांग सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिये राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया गया। |
| 15 | 24.8.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | रक्षाबंधन उत्सव एवं सैनिक सम्मान | सीआईएसएफ सेंटर अनन्तपुरा में मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने जवानों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर उनकी लम्बी उम्र की कामना की। |
| 16 | 26.8.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | पदवेश वितरण एवं रक्षाबंधन महोत्सव | लियो क्लब बहरोड़ द्वारा मंथन स्पेशल स्कूल एवं रिहैबिलिटेशन सेंटर के 50 दिव्यांग बच्चों को पदवेश वितरित किये गये। साथ ही रक्षाबंध पर्व बनाया गया। |
| 17 | 5.9.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | शिक्षक दिवस एवं जन्माष्टमी उत्सव | मंथन स्पेशल स्कूल में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग बहरोड़ रहे। कार्यक्रम में बच्चे कृष्ण व राधा के रूप में प्रस्तुति दी एवं विशेष शिक्षकों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये विशिष्ट अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। |
| 18 | 10.9.23 | नवीन कार्यकारिणी | नवीन सत्र नवीन कार्यकारिणी | मंथन फॉउण्डेशन कार्यालय में मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें नीमराणा एवं बहरोड़ के लिये नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। एवं नये सदस्यों को जोड़ने के लिये विचार विमर्श किया गया। |
| 19 | 17.9.23 | स्वच्छ भारत अभियान | श्रमदान एवं रैली | स्वच्छता पखवाड़ा अन्तर्गत बहरोड़ खेल स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में श्रमदान एवं स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मंथन सचिव डॉ0 सविता गोस्वामी को बहरोड़ नगरपरिषद का ब्राण्ड एम्बेस्डर नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरमैन सीताराम यादव एवं आयुक्त कमल शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन एमआईएस इन्जीनीयर जैन साहब आदि उपस्थित रहे। |
| 20 | 18.9.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | गणेश चतुर्थी महोत्सव | डॉ नीलम यादव चेयरमैन नारायणी देवी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान एवं भाजपा जिला उपाघ्यक्ष एवं तसींग गौशाला अध्यक्ष श्रीमान अमरसिंह यादव के आतिथ्या में मंथन स्पेशल स्कूल में गणेशोत्सव मनाया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृति प्रस्तुति दी गई। |
| 21 | 26.9.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | अर्धवार्षिक परीक्षा | मंथन स्पेशल स्कूल में अर्धवार्षिक मूल्यांकन परीक्षा की शुरूआत की गई। |
| 22 | 1.10.23 | स्वच्छ भारत अभियान | गांधी जयंती पर सफाई अभियान | गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शस्त्री जयंती पर श्रृद्धा सुमन अर्पित किये गये एवं उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। साथ ही 'स्वच्छता ही सेव 2023' कार्यक्रम के अन्तर्गत ऑफीसर्स कॉलोनी में 'एक तारीख एक घंटा'श्रमदान किया गया। |
| 23 | 2.10.23 | स्वच्छ भारत अभियान | सम्मान | बहरोड़ नगर परिषद में आयोजित स्वच्छता मित्रों के सम्मान कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। जहां मंथन फॉउण्डेशन सचिव डॉ0 सविता गोस्वामी स्वच्छ भारत मिशन में अपनी भूमिका निभाने के लिये नगरपालिका चेयरमैन सीताराम यादव एवं आयुक्त कमल शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन एमआईएस इन्जीनीयर जैन साहब द्वारा सम्मानित किया गया। |
| 24 | 2.10.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | सम्मान | अर्पण सेवा फॉउण्डेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मंथन फॉउण्डेशन को दिव्यांग सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करने के लिये सम्मानित किया गया। |
| 25 | 3.10.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | कार्यशाला | नवभारत नवनिर्माण मंच राजस्थान द्वारा भारत के नवनिर्माण में राजस्थान की भूमिका विषय पर नीमराणा के रमाड़ा होटल में आयोजित कार्यशाला में मंथन संस्थापक डॉ0 पीयूष गोस्वामी, उपाघ्यक्ष कर्मवीर यादव ने भाग लिया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारति विभाग के कैबिनेट मिनिस्टर राजस्थान सरकार श्रीमान टीकाराम जूली के समक्ष दिव्यांगों के सामाजिकरण में आ रही समस्याओं एवं उनके समाधा एवं रोजगार के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 26 | 5.10.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | जागरूकता | विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस पर जिला अस्पताल बहरोड़ के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ देवेन्द्र देव, माधव हॉस्पिटर में कार्यरत बाल रोग विशेषज्ञ डॉ दिनेश यादव, स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ डॉ0 सुम्मी यादव, ओम हॉस्पिटल के हड्डी रोग विशेशज्ञ डॉ अनिल जयसवाल, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ0 पीयूष गोस्वामी द्वारा सेरेब्रल पॉल्सी के कारण, बचाव एवं निदान, रोकथाम, शीघ्र पहचान एवं निदान विषयों पर अपनी राय रखी एवं इसे आमजन तक मीडिया के माध्यम से प्रसारित किया गया। |
| 27 | 7.10.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | समाज कल्याण सप्ताह | समाज कल्याण सप्ताह के अन्तर्गत मंथन कार्यालय में जिला कोटपूतली–बहरोड़ जिलास्तरीय विशेष योग्यजन कल्याण दिवस को आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग बहरोड़ के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी श्री गजराज यादव एवं स्टाफ उपस्थित रहे। |
| 28 | 7.10.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | फर्नीचर भेंट | लॉयन्स क्लब बहरोड़ किंग्स द्वारा मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों की क्लासेज के लिये फर्नीचर भेंट किया गया। |
| 29 | 13.10.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | शिक्षक–अभिभावक मीटिंग | अर्धवार्षिक मूल्यांकन के उपरान्त शिक्षक अभिभावक मीट्रिग का आयोजन किया गया एवं अभिभावकों को बच्चों की प्रगति रिपोर्ट बताई गई साथ ही उन्हें बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया। साथ ही उनसे आ रही समस्याओं एवं उनके हल पर चर्चा की गई। |
| 30 | 17.10.23 | कन्या रत्न जन्मोत्सव | कन्या रत्न जन्मोत्सव | मंथन फॉउण्डेशन के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 36 वां कन्या रत्न जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जिला अस्पताल बहरोड़ में किया गया। |
| 31 | 17.10.23 | आपके लिये व्यर्थ पर दूसरों के लिये जरूरी कैंपेन | आपके लिये व्यर्थ पर दूसरों के लिये जरूरी | मंथन फॉउण्डेशन के आठ वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के अवसर वर मजदूर कॉलोनी आपके लिये व्यर्थ पर दूसरों के लिये जरूरी कैंपेन का आयोजन किया गया। जिसमें मजदूर बस्ती के बच्चों के साथ केक काटा गया। एवं उन्हें कपड़े, बर्तन आदि सामान वितरित किये गये। |
| 32 | 21.10.23 | कन्या रत्न जन्मोत्सव | कन्या पूजन | नवरात्रि के अवसर पर कन्यापूजन कार्यक्रम का आयोजन मंथन स्पेशल स्कूल में किया गया। |
| 33 | 27.10.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | शैक्षिक भ्रमण | मंथन स्पेशल स्कूल एवं रिहैबिलिटेशन सेंटर के दिव्यांग बच्चों को एनआईआईटी यूनिवर्सिटी नीमराणा में शैक्षि भ्रमण के लिये ले जाया गया। जहा। यूनिवर्सिटी छात्र छात्राओं द्वारा बच्चों के साथ समय बिताया गया। एवं दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिये समाज के योगदान पर चर्चा की गई। जिसमें सहानुभूति नहीं सहयोग चाहिये पर बल दिया गया। इसके बाद यूनिवर्सिटी छात्र–छात्राओं ने बच्चों को भोजन कराया एवं अपने पॉकेट मनी से बच्चों के लिये उपहार एवं शिक्षक सामग्री भेट की। |
| 34 | 7.11.23 | दीपावली मिलन समारोह | प्रदर्शनी | मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाई गई सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही हनुमान चाालिसा पाठ किया गया। मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष कमल शर्मा, विशिष्ट अतिथि एनआईआईटी यूनिवर्सिटी से वीणा गोपालन आदि गणमान्य उपस्थित रहे। |
| 35 | 18.11.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | रोजगार प्रशिक्षण | 'उन्न्त भारत अभियान' के अन्तर्गत एनआईआईटी यूनिवर्सिटी नीमराणा के छात्र–छात्राओं द्वारा मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों को मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। |
| 36 | 21.11.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | नुक्कड़ नाटक | आगामी विधान सभा चुनावों से पूर्व मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा मंथन कार्यालय पर रंगोली बना कर एवं नुक्कड़ नाटक द्वारा मतदान के लिये आमजन को जागरूक किया गया। साथ ही मतदान के लिये आमंत्रण पत्र एवं पीले चावल देकर मतदाओं को जागरूक किया गया। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 37 | 1.12.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | संगोष्ठी एवं दिव्यांग सम्मान समारोह | मंथन फॉउण्डेशन द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस पर जिला स्तरीय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रोिजगार, स्वरोजगार, खेल, अन्य क्षेत्रों में वशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले 101 दिव्यांगजन को प्रशिस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही नवगठित जिले में दिव्यांग सशक्तिकरण जैसे सरकार द्वारा दिव्यांगों के लिये संचालित विभिन्न योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचने में आ रही समस्याओं एवं उनके निदान पर चर्चा की गई साथ ही जिले में रोजगार एवं स्वरोजगार के नये अवसरों को तलाशने में विशेषज्ञ टीम द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रो0 डॉ0 गुरुेन्द्र नाथ भारद्वाज यूको बैंक नीमारणा मैनेजर अनिल दोसोदिया, मूलचंद यादव दिव्यांग एक्टिविस्ट, पैरा ओलम्पिक में राज्य स्तरी पुरूस्कार प्राप्त हरीश दोसोदिया एवं सुभाष आदि समेंत सैकड़ों दिव्यांग उपस्थित रहे। |
| 38 | 2.12.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | सम्मान | विश्व दिव्यांग दिवस पर बच्चों द्वारा दिये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल मे ंभाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। |
| 39 | 9.12.23 | महिला सशक्तिकरण | कार्यशाला | मंथन फॉउण्डेशन द्वारा मेन्सुरेशन एवं हाईजीन विषय पर कार्यशाला का आयोजन राजकीय माध्यमिक विद्यालय नं0 3 में किया गया। जिसमें स्कूल में अध्ययनरत बच्चियों को मेंसुरेशन एवं हाईजीन पर जागरूक किया गया एवं सेनेटरी पैड वितरित किये गये। |
| 40 | 16.12.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | परीक्षा | मंथन स्पेशल स्कूल में पोस्ट मिड टर्म एक्जाम की शुरूआत हुई। |
| 41 | 21.12.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | स्पोर्ट्स डे | भारत विकास परिषद की ओर से स्पोर्टस डे पर दिव्यांग बच्चों के मध्य प्रतियोगिता कराई गई । |
| 42 | 23.12.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | शिक्षक–अभिभावक मीटिंग | पोस्ट मिड टर्म एक्जाम के उपरान्त शिक्षक अभिभावक मीट्गि का आयोजन किया गया एवं अभिभावकों को बच्चों की प्रगति रिपोर्ट बताई गई साथ ही उन्हें बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया। साथ ही उनसे आ रही समस्याओं एवं उनके हल पर चर्चा की गई। |
| 43 | 27.12.23 | दिव्यांग सशक्तिकरण | स्वेटर वितरण | भामाशाह बर्फी देवी द्वारा मंथन स्पेशल स्कूल के बच्चों के लिये स्वेटर वितरित की गई। |
| 44 | 10.1.24 | जागरूकता | आत्महत्या विषय पर कार्यशाला | सीआईएसएफ सेंटर में ट्रेनिंग के लिये आये जवानों एवं कार्यरत जवानों के साथ आत्महत्या के कारण, बचाव एवं सकारात्मक सोच बढ़ते तनाव एवं परिवार से अलग रहने के एकाकीपन को कम करने पर चर्चा की गई जिसके लिये शेयरिंग इज द केयरिंग सूत्र पर काार्य करने नियमित योग करने आदि की सलाह दी गई। |
| 45 | 13.1.24 | दिव्यांग सशक्तिकरण | स्वेटर वितरण | भामाशाह रेणु गोयल के सौजन्य से मंथन सीबीआर सेंटर के दिव्यांग बच्चों को स्वेटर वितरित किये गये। |
| 46 | 14.1.24 | दिव्यांग सशक्तिकरण | मकर संक्रांति दान शिविर | मकर संक्रांति के अवसर पर मंथन कार्यालय एवं उपवन सोसायटी बहरोड़ में दिव्यांग सहयातार्थ दान शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही मंथन कार्यालय पर ग्राम तसींग निवासी दिव्यांग बहन मोनिक को व्हील चेयर एवं दिव्यांग राकेश एवं संदीप को बैसाखियां प्रदान की गई। इस अवसर पर सीआईएसएफ कमांडेंट एमकेवर्मा एवं अन्य जवानों ने दिव्यांगों एवं संस्था का हौंसला बढ़ाया। दान शिविर में 97674/ रूपये की सहयोग राशि जमा की। |
| 47 | 18.1.24 | दिव्यांग सशक्तिकरण | सम्मान | विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद द्वारा मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों नेहा एवं घनश्याम को सम्मानित किया गया। |
| 48 | 20.1.24 | राम जन्मोत्सव | हनुमान चालीसा पाठ | अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मंथन स्पेशल स्कूल में दिव्यांग बच्चों एवं स्टाफ द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 49 | 26.1.24 | दिव्यांग सशक्तिकरण | गणतन्त्र दिवस समारोह | 75वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने प्रस्तुति दी जिसके लिये एसडीएम सचिन यादव एवं विधायक जसवंत यादव द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया। |
| 50 | 26.1.24 | दिव्यांग सशक्तिकरण | गणतन्त्र दिवस समारोह | 75वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ब्लॉक स्तरीय  कार्यक्रम में दिव्यांग सशक्तिकरण के लिये मंथन को सम्मानित किया गया। |
| 51 | 30.1.24 | स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छता संदेश | महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर मंथन स्पेशल स्कूल में आयोजित प्रोग्राम में गांधीजी को याद किया एवं स्वचछता का संदेश दिया। |
| 52 | 2.2.24 | जागरूकता | सड़क सुरक्षा नुक्क्ड़ नाटक | पुलिस अधीक्षक रंजिता शर्मा के नेतृत्व में जिला कोटपूतली बहरोड़ में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों एवं स्टाफ द्वारा पुराने बस स्टैण्ड पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसमें नाटक द्वारा बच्चों ने हेलमेट लगाने, शराब पीकर गाड़ी न चलाने, सीट बेल्ट लगाने, यातायात नियमों के पालन करने का संदेश दिया। |
| 53 | 10.2.24 | जागरूकता | सड़क सुरक्षा नुक्क्ड़ नाटक | पुलिस अधीक्षक रंजिता शर्मा के नेतृत्व में जिला कोटपूतली बहरोड़ में पुलिस प्रशासन बहरोड़ के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों एवं स्टाफ द्वारा पुराने बस स्टैण्ड परमुख्य चौराहे पर स्थित पुलिया के नीचे नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसमें नाटक द्वारा बच्चों ने हेलमेट लगाने, शराब पीकर गाड़ी न चलाने, सीट बेल्ट लगाने, यातायात नियमों के पालन करने का संदेश दिया। जिसमें यातायात पुलिस बहरोड़ एवं पुलिस प्रशासन ने सहयोग प्रदान किया। |
| 54 | 14.2.24 | दिव्यांग सशक्तिकरण | शिक्षण सामग्री वितरण | आयुष हॉस्पिटल की 14 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मंथन स्पेशल में शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। |
| 55 | 15.2.24 | दिव्यांग सशक्तिकरण | सूर्य नमस्कार | सूर्य नमस्कार का सामूहिक अभ्यास मंथन स्पेशल स्कूल में किया गया। |